कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 2

ES-345

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2023

ई. एस.-345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारित : 70%*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों की भारिता समान है।

1. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर कम से कम 600 शब्दों में दीजिए :

   हिन्दी शिक्षण के विभिन्न उद्देश्यों की अपेक्षित व्यवहारगत परिवर्तनों के सन्दर्भ में व्याख्या कीजिए।

   अथवा

   माध्यमिक स्तर पर हिन्दी भाषा में गद्य और पद्य शिक्षण के उद्देश्यों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

2. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

   मूल्यांकन का अर्थ बताते हुए इसके उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डालिए।

अथवा

भाषा शिक्षण में प्रयुक्त होने वाली सहायक सामग्री का विवेचन कीजिए।

3. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर कम से कम 150 शब्दों में दीजिए :

(क) बालक के भावात्मक विकास में मातृभाषा का महत्व स्पष्ट कीजिए।

(ख) दोषपूर्ण उच्चारण किस-किस प्रकार के होते हैं ? इनकी अशुद्धि के कारण बताइए।

(ग) काव्य शिक्षण में वाचन का क्या महत्व है ?

(घ) भाषा के विविध रूपों की विवेचना कीजिए।

(ङ) मातृभाषा शिक्षण में मौखिक भाषा के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

(च) शिक्षा व्यवस्था में हिन्दी अध्यापक के स्थान की विवेचना कीजिए।

4. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर कम से कम 600 शब्दों में दीजिए :

एक हिन्दी भाषा शिक्षक के लिए क्रियात्मक अनुसंधान प्रविधि का ज्ञान किस दृष्टि से उपयोगी है ? कक्षा 7 के छात्रों की वर्तनीगत अशुद्धियों के सुधार के लिए एक क्रियात्मक अनुसन्धान की योजना बनाइए।